संख्या-487/2020/726/22-2-2020-17(283)/2020

प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 17 नवम्बर, 2020***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी चन्द्रकान्त पुत्र श्री विश्वनाथ दीक्षित, निवासी जनपद-मैनपुरी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-16933/प्रोवेशन-3/फार्म-ए(एम-05.06.2020) दिनांक-03.07.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी चन्द्रकान्त पुत्र श्री विश्वनाथ दीक्षित, कस्बा बेवर, थाना-बेवर, जनपद-मैनपुरी का निवासी है। बंदी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 06.09.1996 को 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर रायफल, बन्दूक से गोली मारकर 06 व्यक्तियों की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-97/2005 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302/149, 307/149 के अन्तर्गत मा0 सत्र न्यायाधीश, मैनपुरी के आदेश दिनांक 01.02.2007 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 22.05.2020 तक 17 वर्ष 01 माह 22 दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 10 माह 01 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, मैनपुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 13.10.2017 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बंदी की शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति सामान्य होने, समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नही पाये जाने के दृष्टिगत समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बंदी की समयपूर्व रिहाई से शान्ति भंग होने व समाज में इसका गलत प्रभाव पड़ने की पूर्ण संभावना होने, दोनों पक्षों में आक्रोश होने भविष्य में कोई अपराध करने की संभावना से इन्कार नहीं किये जाने, बंदी 06 मर्डर में निरूद्ध है छूटने पर कोई भी बड़ी वारदात की संभावना होने, बंदी के परिवार की सामाजिक/ आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु समाज की दृष्टि से उचित नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि बंदी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 06.09.1996 को 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर रायफल, बन्दूक से गोली मारकर 06 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बंदी के भविष्य में अपराध करने की संभावना से इंकार नहीं किये जाने, बंदी के 06 मर्डर में निरूद्ध होने व छूटने पर कोई भी बड़ी वारदात की संभावना होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी,

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बंदी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, द्वारा समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी चन्द्रकान्त पुत्र श्री विश्वनाथ दीक्षित को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति** नहीं की गयी है।

3- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी चन्द्रकान्त (बन्दी संख्या-23332) पुत्र श्री विश्वनाथ दीक्षित, निवासी जनपद-मैनपुरी के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-487/2020/**726**(1)/22-2-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मैनपुरी।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़।

3- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री को सूचनार्थ।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-487/2020/726/22-2-2020-17(283)/2020

दिनांक 17 नवम्बर, 2020 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी चन्द्रकान्त पुत्र श्री विश्वनाथ दीक्षित, कस्बा बेवर, थाना-बेवर, जनपद-मैनपुरी का निवासी है। बंदी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 06.09.1996 को 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर रायफल, बन्दूक से गोली मारकर 06 व्यक्तियों की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-97/2005 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302/149, 307/149 के अन्तर्गत मा0 सत्र न्यायाधीश, मैनपुरी के आदेश दिनांक 01.02.2007 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 22.05.2020 तक 17 वर्ष 01 माह 22 दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 10 माह 01 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, मैनपुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 13.10.2017 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बंदी की शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति सामान्य होने, समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नही पाये जाने के दृष्टिगत समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बंदी की समयपूर्व रिहाई से शान्ति भंग होने व समाज में इसका गलत प्रभाव पड़ने की पूर्ण संभावना होने, दोनों पक्षों में आक्रोश होने भविष्य में कोई अपराध करने की संभावना से इन्कार नहीं किये जाने, बंदी 06 मर्डर में निरूद्ध है छूटने पर कोई भी बड़ी वारदात की संभावना होने, बंदी के परिवार की सामाजिक/ आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु समाज की दृष्टि से उचित नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि बंदी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 06.09.1996 को 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर रायफल, बन्दूक से गोली मारकर 06 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बंदी के भविष्य में अपराध करने की संभावना से इंकार नहीं किये जाने, बंदी के 06 मर्डर में निरूद्ध होने व छूटने पर कोई भी बड़ी वारदात की संभावना होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बंदी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, द्वारा समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी चन्द्रकान्त पुत्र श्री विश्वनाथ दीक्षित को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति** नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in